NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-207, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 02 फरवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## लोकसभा में बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

# 'डोकलाम आ रहे थे चीनी टैंक'

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे की किताब का उल्लेख किया, जिस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। स्पीकर ओम बिरला ने भी सदन की परंपरा और नियमों का उल्लेख करते हुए राहुल को आगाह किया कि लोकसभा में ऐसे किसी भी तथ्य का उल्लेख नहीं किया जा सकता, जिसका प्रकाशन नहीं हुआ है। राहुल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा ले रहे थे।

इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर आपत्ति जताई और कहा कि राहुल गांधी सदन को गुमराह ना करें। राहुल गांधी ने सदन में एक अप्रकाशित किताब के कोट्स का हवाला दिया, जो सदन के नियमों के खिलाफ है। जिस पर राहुल गांधी ने कहा कि उनका सोर्स भरोसेमंद है और इसमें एक पूर्व आर्मी जनरल के अप्रकाशित संस्मरणों के कोट्स शामिल हैं। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से नियमों का पालन करने की अपील की। ओम बिरला ने कहा कि नियमों और परंपरा से संसद चलना चाहिए।



**अमित शाह और राजनाथ सिंह ने जताई आपत्ति बोले- जिस किताब का आप जिक्र कर रहे, वह अप्रकाशित**

दरअसल, लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी के भाषण के शुरू होते ही हंगामा हो गया। राहुल गांधी ने अपने भाषण क शुरुआत में कहा कि पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब है। आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं? इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। बस इसी के साथ संसद में जोरदार हंगामा शुरू हो गया।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में फिर आगे कहा कि चार चीनी टैंक डोकलाम में भारत की धरती पर आ रहे थे। वो 100 मीटर ही दूर थे। राहुल के बस इतना बोलते ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई और अपनी सीट से राजनाथ सिंह ने खड़े होकर हस्तक्षेप किया और बोले कि अप्रकाशित पुस्तक का सदन में जिक्र नहीं किया जाता। उन्होंने अपने बयान में कहा कि राहुल गांधी सदन को गुमराह कर रहे हैं।

> 'ये डरे हुए हैं, मुझे बोलने नहीं दे रहे। मुझे समझ नहीं आ रहा कि कहते हैं कि ये आतंकवाद से लड़ते हैं। लेकिन एक कोट से डरते हैं। इसमें ऐसा क्या है जो इतना डर रहे हैं। ये डरे नहीं हैं तो मुझे बोलने दें। वे डर क्यों रहे हैं।'
>
> **राहुल गांधी**

### राहुल के समर्थन में आए अखिलेश

लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "मैं चाहता हूं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) वह किताब सदन के सामने पेश करें, जिससे वह कोट कर रहे हैं, क्योंकि जिस किताब का वह जिक्र कर रहे हैं, वह पब्लिश नहीं हुई है।" इसके बाद चीन के संदर्भ में बोल रहे राहुल गांधी के समर्थन में बोलते हुए सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा, 'चीन से जुड़ा मामला बहुत संवेदनशील है। लोकसभा में विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए।'

# एसआईआर पर देश में कोई नहीं लड़ेगा तो मैं लड़ूंगी: ममता बनर्जी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि वह और उनकी पार्टी मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगी। ममता आज एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करने वाली हैं।

दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दिल्ली में बंगाल के लोगों के साथ बदसलूकी का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इन मुद्दों को मजबूती से उठाएगी और संबंधित संस्थानों से जवाब मांगेगी। ममता ने कहा- मैं बंगा भवन जा रही हूं, ताकि वहां मौजूद अपने लोगों से मिल सकूं और दिल्ली पुलिस की ज्यादतियों को देख सकूं। अगर इस देश में कोई नहीं लड़ेगा, तो मैं लड़ूंगी, हमारी पार्टी लड़ेगी। दिल्ली के लोगों को पता ही नहीं है कि बंगाल में क्या हो रहा है। मुझे अभी-अभी जानकारी मिली और मैं कपड़े तक नहीं बदल पाई।

इस बीच, हेली रोड और चाणक्यपुरी स्थित दोनों बंगा भवनों के बाहर दिल्ली पुलिस की भारी तैनाती की गई है। तृणमूल कांग्रेस का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में, आज मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करेगा। टीएमसी का आरोप है कि बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया पक्षपाती, मनमानी, भेदभावपूर्ण और राजनीतिक मकसद से की जा रही है। (ट्विटर) पर टीएमसी के आधिकारिक अकाउंट में यह जानकारी दी गई है। पोस्ट में यह भी कहा गया कि प्रतिनिधिमंडल अपनी साफ मांगें रखेगा।

# चांदी तीन दिन में 1.60 लाख गिरी, 2.41 लाख/किलो कीमत

**नई दिल्ली।** बजट पेश होने के एक दिन बाद गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीसरे दिन गिरावट है। आज यानी 2 फरवरी को वायदा बाजार में चांदी करीब 23 हजार रुपए (9%) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2.41 लाख रुपए पर आ गया। सोने में भी करीब 7 हजार रुपए (6%) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.40 लाख रुपए पर आ गया है।

**सर्राफा बाजार में 2.36 लाख पर आई चांदी**

सर्राफा बाजार में भी आज चांदी 29,255 रुपए और सोना 6,427 रुपए सस्ता हुआ है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 2,36,496 रुपए किलो पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,42,270 रुपए पर आ गया है।

वायदा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दाम में दो दिन में 30 हजार रुपए की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 1.69 लाख रुपए पर पहुंच गया था, जो आज 1.40 लाख रुपए पर ट्रेड कर रहा है।



चांदी की कीमत में 1.60 लाख रुपए की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 4.01 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी, जो आज 2.40 लाख रुपए पर ट्रेड कर रही है।

**सोने-चांदी में गिरावट की 2 वजह**

**प्रॉफिट बुकिंग:** सोने-चांदी की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुक किया।

**फिजिकल डिमांड में कमी:** ऑल टाइम हाई के बाद फिजिकल डिमांड कमजोर हुई, साथ ही औद्योगिक उपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं।



## बलूचिस्तान में हिंसा तेज

# महिला फिदायीन हमले में पाक सेना के 200 जवान हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसका एक बड़ा सैन्य अभियान 'ऑपरेशन हीरोफ फेज-दो' 40 घंटे से ज्यादा समय तक चला। इस दौरान कई जिलों में हमले किए गए और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलोच के मुताबिक, इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और फ्रंटियर कोर के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं। जबकि 17 लोगों को पकड़ा गया है। उन्होंने आगे बताया कि बीएलए की तरफ से करान, मस्तुंग, तुंप और पसनी जैसे इलाकों में अभियान पूरा किया गया, इसके साथ ही क्वेटा और नोश्की के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना को



पीछे धकेला गया है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि बलोचों के हमलों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं पाकिस्तानी सेना के अनुसार, शुक्रवार को 41 और शनिवार को 92 उग्रवादी मारे गए हैं।

इस अभियान की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला फिदायीन (आत्मघाती हमलावर) भी शामिल थीं। आसिफा मेंगल ने नोश्की में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) मुख्यालय को निशाना बनाकर कार बम से हमला किया। जानकारी के मुताबिक, वह मजीद ब्रिगेड की सदस्य थीं और 2023 में संगठन में शामिल हुई थीं, जबकि ग्वादर फ्रंट पर हवा बलोच नाम की महिला फिदायीन भी मारी गई। वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी पुष्टि की कि कम से कम दो हमलों में महिलाएं शामिल थीं।

**ऑपरेशन में बीएलए को नुकसान**

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने माना कि इस ऑपरेशन में उसके भी 18 लड़ाके मारे गए, जिनमें 11 मजीद ब्रिगेड के फिदायीन और चार फतेह स्क्वाड के साथ-साथ तीन रळहर यूनिट के सदस्य शामिल थे। वहीं बीएलए ने दावा किया कि उसने नोश्की के डिप्टी कमिश्नर और असिस्टेंट कमिश्नर को हिरासत में लेने के बाद 'मानवीय आधार' पर छोड़ दिया।

# 'पार्टी में नहीं गया, कुछ भी गलत नहीं किया'

## एपस्टीन में नाम आने पर मस्क ने तोड़ी चुप्पी




**न्यूयॉर्क।** 30 लाख से अधिक पन्ने, 2000 से ज्यादा वीडियो और करीब 180,000 फोटो के साथ जारी होने वाली एपस्टीन फाइल्स की खेप ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी है। यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अमेरिका के कई दिग्गजों के संबंध उजागर हुए हैं। जिसमें एलन मस्क का नाम भी शामिल है। जिस पर टेस्ला के मालिक और टेक इंडस्ट्री के सबसे दिग्गज अरबपति ने जेफरी एपस्टीन से किसी भी तरह के रिश्ते से साफ इनकार किया है।

एलन मस्क ने बहुचर्चित एपस्टीन फाइल्स में नाम आने के बाद अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि वो कभी जेफरी एपस्टीन की पार्टियों में नहीं गए और ना उनका कोई संबंध है। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए मस्क ने चुप्पी तोड़ते हुए अपनी बात रखी। सोमवार को किए अपने पोस्ट में मस्क ने कहा कि वह कभी भी एपस्टीन के प्राइवेट द्वीप पर नहीं गए, न ही उनके लोलिता एक्सप्रेस विमान में सफर किया और न ही उनकी पार्टियों में शामिल हुए।

## भारतीय वैज्ञानिक रामनाथन को मिलेगा क्रैफोर्ड प्राइज



**वाशिंगटन डीसी।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने भारतीय मूल के जलवायु वैज्ञानिक वीरभद्रन रामनाथन को 2026 के क्रैफोर्ड पुरस्कार के लिए चुना है। इस सम्मान को जियोसाइंसेज का नोबेल भी कहा जाता है। रामनाथन को यह पुरस्कार प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों और वायुमंडल के 'ब्राउन क्लाउड्स' पर उनके दशकों पुराने शोध के लिए मिला है। उनके काम ने ग्लोबल वार्मिंग को समझने का नजरिया बदल दिया है। 82 साल के रामनाथन ने 1975 में नासा में काम करते हुए एक बड़ी खोज की थी। रामनाथन ने रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज को बताया कि 1975 तक, हम सोचते थे कि ग्लोबल वार्मिंग मुख्य रूप से उड2 से होती है, लेकिन रेफ्रिजरेटर और एयरोसोल में इस्तेमाल होने वाली क्लोरोफ्लोरोकार्बन गैसें कार्बन डाइऑक्साइड के मुकाबले 10,000 गुना ज्यादा प्रभावी ढंग से ऊष्मा को अवशोषित करते हैं।

## यूपी सरकार ने 68 हजार कर्मचारियों की सैलरी रोकी

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 68 हजार से ज्यादा राज्य कर्मचारियों की सैलरी फिलहाल रोक दी है। ये वो कर्मचारी हैं, जिन्होंने अपनी प्रॉपर्टी की जानकारी 'मानव संपदा पोर्टल' अपलोड नहीं की है। दरअसल, कुछ दिन पहले प्रदेश सरकार ने 'मानव संपदा पोर्टल' पर राज्य कर्मियों के चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन करना अनिवार्य कर दिया था।

प्रदेश में आठ लाख से अधिक राज्य कर्मचारी हैं। आदेश में कहा गया था कि 31 दिसंबर 2025 तक अर्जित सभी चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर ऑनलाइन देना होगा। अगर नहीं दिया तो फरवरी में जनवरी माह का वेतन नहीं मिलेगा। मुख्य सचिव ने कहा था कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को 31 दिसंबर 2024 तक अर्जित अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से भरना होगा। एक जनवरी से पोर्टल पर यह सुविधा शुरू हो गई है। सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को इसके अनुसार कार्यवाही करने के लिए कहें।

## पश्चिमी यूपी में बारिश के साथ गिरेंगे ओले

**लखनऊ।** यूपी में मौसम के दो रूप बने हुए हैं। राजधानी लखनऊ के साथ अवध के कई जिलों में बीते दो दिनों से अच्छी धूप निकल रही है। रविवार को लखनऊ में साढ़े पांच डिग्री का उछाल आया। लखनऊ शहर पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। दूसरी ओर पश्चिम यूपी के कई जिलों में कोहरे के साथ बारिश का प्रकोप जारी है। विक्षोभ का सीधा असर दिल्ली-एनसीआर से सटे जिलों में ज्यादा पड़ रहा है।

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए पश्चिमी यूपी के 27 जिलों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि और 16 जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे रफ्तार वाली झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी जारी किया है। राजधानी लखनऊ में भी दो दिन छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मौसम में इस बदलाव के 4 फरवरी तक बने रहने के संकेत है। तराई इलाकों में बारिश के साथ कोहरे का भी प्रकोप रहेगा।

**यहां है ओलावृष्टि के लिए चेतावनी**

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, जालौन, झांसी,अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

**यहां हो सकता है मेघगर्जन और वज्रपात**


बांदा, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं।

## दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूर, वेतन न मिलने का आरोप

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों से दुबई गए 14 प्रवासी मजदूर कथित तौर पर वेतन न मिलने और अतिरिक्त काम कराने के दबाव के कारण गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इन मजदूरों ने राज्य सरकार से सुरक्षित स्वदेश वापसी की अपील की है। यह जानकारी राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल की टीम लीडर शिखा लकड़ा ने दी है।

अधिकारियों के अनुसार, ये मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के निवासी हैं। मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी स्थिति साझा की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि संबंधित निजी कंपनी ने उन्हें तीन महीने से वेतन नहीं दिया है और ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे उन्हें रहने और खाने तक की समस्या हो रही है।

शिखा लकड़ा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों ने अपनी व्यथा का वीडियो सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली को भेजा, जो प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए काम करते हैं। वीडियो में मजदूरों ने सरकार से मदद



की अपील की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल अब मजदूरों से संपर्क कर उनके दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भारतीय दूतावास और यूएई सरकार के अधिकारियों से बातचीत शुरू की जाएगी, ताकि मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके। राज्य सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की तैयारी कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से ठोस कूटनीतिक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विदेशों में प्रवासी मजदूरों के उत्पीड़न के मामले सामने आए हैं और काफी प्रयासों के बाद उन्हें वापस लाया गया है, लेकिन आजीविका की मजबूरी में मजदूर लगातार विदेश जाने को विवश हैं। दुबई में फंसे मजदूरों में रोशन कुमार और अजय कुमार (दोनों गिरिडीह के सरिया के), गिरिडीह के बगोदर के राजेश महतो और अजय कुमार, बोकारो के पेंक नारायणपुर के दलेश्वर महतो, खेदाडीह के जागेश्वर महतो और फलेंद्र महतो, सिरैया के बैजनाथ महतो, दिलीप महतो, गंगाधर महतो, त्रिलोकी महतो, बसरिया के दीपक कुमार, गोरहर के रोहित महतो और सेवा महतो (सभी हजारीबाग जिले के) शामिल हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
सोमवार, 02 फरवरी, 2026




# फिरोजाबाद में बंद मकान से लाखों के जेवर-नकदी चोरी

## रिश्तेदारी में शामिल होने गया था परिवार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** कर्बला गली नंबर-6 में एक बंद मकान से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। यह घटना तब हुई जब मकान मालिक बृजेश कुमार का परिवार एक रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गया था।



कर्बला गली नंबर-6 निवासी बृजेश कुमार पुत्र गोपाल ने बताया कि वे अपनी बहन के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान रात में अज्ञात चोरों ने उनके घर के मुख्य गेट की कुंडी काटी और घर में घुस गए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सभी ताले भी तोड़ दिए और कीमती जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए।चोरी की जानकारी तब सामने आई जब पड़ोसियों ने बृजेश कुमार के पास रहने वाले छोटे भाई को घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। छोटे भाई ने मौके पर पहुंचकर स्थिति देखी और तुरंत बृजेश कुमार को फोन पर चोरी की जानकारी दी। परिवार के घर लौटने पर उन्हें सारा कीमती सामान और नकदी गायब मिली। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

# घने कोहरे में लिपटा ब्रज

## विजिबिलिटी 10 मीटर:यातायात प्रभावित, कई ट्रेनें घंटों देरी से चल रही

एनएनआई

**आगरा/मथुरा/फिरोजाबाद/हाथरस।** बारिश के बाद मौसम ने फिर से करवट ली है। ठंड दोबारा से पड रही है। रविवार को हुई बारिश के बाद आज सोमवार को घना कोहरा छाया रहा। पूरा ब्रज सुबह के समय घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और हाथरस में विजिबिलिटी 10 मीटर ही दर्ज की गई। आगरा में हाइवे पर चलना सुबह के समय मुश्किल हो रहा था। वाहनों की लाइटें जल रही थीं। इधर तापमान भी कम हुआ है। यही हाल मथुरा का भी रहा है।



हाथरस में आज सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे विजिबिलिटी मात्र 10 मीटर रह गई। घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई और चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे और सर्दी ने सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया। शहर की सड़कों पर सुबह सन्नाटा पसरा रहा और लोगों की आवाजाही कम रही। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव तापते दिखे। आज का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

घने कोहरे का असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा है। रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या में कमी देखी गई। वहीं, कई ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं।

हाथरस जंक्शन पर आने वाली सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, फरक्का एक्सप्रेस 6 घंटे, संबलपुर एक्सप्रेस 3 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस ढाई घंटे और गोमती एक्सप्रेस डेढ़ घंटे की देरी से चल रही हैं। इन देरी के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

फिरोजाबाद में ठंड और बारिश के कारण रेल यात्रियों को रविवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। सोमवार को टूंडला पहुंचने वाली कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से दो से 13 घंटे तक देरी से चलीं, जिससे यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं।

रेल प्रशासन ने देरी से चल रही अप की महानंदा एक्सप्रेस को रद्द कर दिया। ट्रेनों के लगातार लेट होने और रद्द होने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ यात्री बारिश में भीगकर स्टेशन पहुंचे, जहां उन्हें ट्रेनों के इंतजार में घंटों बिताना पड़ा। दिल्ली और आगरा की ओर जाने वाली ट्रेनों में पूर्वा एक्सप्रेस तीन घंटे, अवध एक्सप्रेस तीन घंटे, आनंदविहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस सात घंटे, मगध एक्सप्रेस दो घंटे, आनंदविहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस तीन घंटे, तेजस एक्सप्रेस 12 घंटे और गोमती एक्सप्रेस सात घंटे की देरी से पहुंचीं।

इसी तरह, नंदनकानन एक्सप्रेस चार घंटे, मूरी एक्सप्रेस तीन घंटे, ब्रह्मपुत्र मेल पांच घंटे, फरक्का एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे और मदार अमृतभारत एक्सप्रेस दो घंटे की देरी से टूंडला पहुंची। कानपुर की ओर जाने वाली मगध एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, फरक्का एक्सप्रेस दो घंटे और कालिंदी एक्सप्रेस ढाई घंटे की देरी से चलीं, जबकि तेजस एक्सप्रेस 13 घंटे की देरी से पहुंची। फिरोजाबाद में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थीं, जिसने ठंड को और बढ़ा दिया।

# बांकेबिहारी मंदिर में चंदन कोठरी के दरवाजे की चांदी गायब

## समिति ने लगवाया सीसीटीवी, सेवायत कर रहे विरोध

एनएनआई

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सेवायतों और उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति की बीच की खाई पटने का नाम नहीं ले रही। पिछले दिनों मंदिर की चंदन कोठरी के दरवाजे से गायब हुई चांदी की जानकारी मिलने के बाद समिति ने दरवाजे के सामने सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। अब सेवायत विरोध कर रहे हैं। सेवायतों का कहना है चंदन कोठरी से ठाकुरजी को बाहर लाया जाता है, यह कैमरे में कैद हो जाएगा।

27 जनवरी को मंदिर की चंदन कोठरी के दरवाजे पर लगी चांदी के टुकड़े गायब होने की खबर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति को मिली। इसके बाद एक दिन पहले सुरक्षा के लिए समिति ने दरवाजे के सामने एक सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया, ताकि चांदी के गायब होने की सही जानकारी समिति को मिल सके। सीसीटीवी कैमरा लगने के बाद सेवायतों में विरोध के स्वर उभरने लगे।

**समिति सदस्य बोले, कैमरे का विरोध करने वाले सेवायत खुद लगाते हैं कैमरा**





शनिवार को मंदिर सेवायतों ने इंटरनेट में एक वीडियो प्रसारित कर कैमरे पर आपत्ति जताई। सेवायतों का कहना है कि जब ठाकुरजी जगमोहन में विराजकर भक्तों को दर्शन देते हैं, तो इसी चंदन कोठरी से ठाकुरजी को बाहर लाया जाता है। ये दृश्य इस कैमरे में दर्ज हो जाएगा, जो बाहर भी प्रसारित हो सकता है। ऐसे में मंदिर की परंपरा और मर्यादा का हनन होगा। होली के मौके पर रंगभरनी एकादशी से ठाकुरजी मंदिर के जगमोहन में विराजकर पांच दिन भक्तों को दर्शन देंगे। कहा कि एकादशी से पहले कैमरा नहीं हटाया गया तो सेवायत विरोध करेंगे।

मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने पलटवार करते हुए कहा सेवायत मंदिर के सीसीटीवी का विरोध कर रहे हैं। लेकिन, कई सेवायत जब उनकी सेवा आती है तो इसी जगह पर निजी कैमरा लगा देते हैं। इसका उन्होंने फोटो भी प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया। सेवायत दिनेश गोस्वामी का कहना है जो गोस्वामी समिति के कैमरे पर आपत्ति जता रहे हैं। उन्हें सेवाधिकारी के कैमरे पर भी आपत्ति जतानी चाहिए थी। कहा ये स्पष्ट है कि होली पर अथवा जब भी ठाकुरजी को चंदन कोठरी से बाहर लाया जाएगा। इस दौरान इस कैमरे को हटा दिया जाएगा।

# साइबर अपराध के बड़े गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** थाना साइबर क्राइम, सिकंदरा और क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि थाना सिकंदरा क्षेत्र में साइबर ठगी के शामिल 4 लोग मौजूद है। संयुक्त कार्रवाई में इन चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान इन्होंने बताया कि यह सभी विदेश के बैठे अपने आकाओं के इशारे पर काम करते थे।

इनके पास से दो लाख रुपये, मोबाइल, लैपटॉप, 78 डेबिट कार्ड बरामद हुए हैं। गिरोह को दुबई में बैठा व्यक्ति संचालित कर रहा है। पकड़े गए आरोपित महादेवा, रेडी, अन्ना आदि गेम एप से लोगों को अपना शिकार बनाते थे।

आरोपितों ने बताया कि लोगों को बहलाफुसला कर उनके खाते खुलवाते थे और फिर उनसे चेकबुक, पासबुक और डेबिट कार्ड ले लेते थे। इसके बाद साइबर ठगी की रकम को उन्हीं खातों के मंगवाया जाता था, रकम आने के बाद एटीएम से डेबिट कार्ड के जरिए निकाल की जाती थी। जो ठगी की रकम होती थी, उसका 40 प्रतिशत इन सभी को मिलता था, जबकि 60 प्रतिशत फिरोजाबाद का रहने वाला मोनू लेता था। मोनू अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि यह सभी साइबर ठगी के अलावा लोगों को ऑनलाइन सट्टा खिलाने का भी काम करते थे। अब पुलिस सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज रही है, और मुख्य आरोपी मोनू की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।




### 10 करोड़ की ठगी को दिया है अंजाम, दुबई में बैठा है इनका मास्टरमाइंड

## एसीपी के नाम से बनाई फर्जी आईडी, ठगी के प्रयास

**आगरा एनएनआई।** साइबर अपराधियों की हिम्मत अब इतनी बढ़ गई है कि वह पुलिस अधिकारियों को भी नहीं बख्श रहे हैं। शातिरों ने ठगी के लिए सदर एसीपी इमरान अहमद के नाम से एक नहीं तीन - तीन फर्जी फेसबुक आईडी बना ली। उन आईडी पर परिचितों को जोड़कर पुराना फर्नीचर बेचने के नाम पर रुपये मांगने शुरू कर दिए। एसीपी की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एसीपी सदर इमरान अहमद ने बीते दिनों फेसबुक पर एक पोस्ट की। पोस्ट पर उनके परिचितों ने कमेंट किया और उनके नाम से एक और फेसबुक आईडी बनी होने की जानकारी दी। इसके बाद उन्हें जानकारी हुई कि डिप्टी एसपी इमरान अहमद नाम से तीन फेसबुक आईडी बनाई गई हैं। उन आईडी से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही हैं। इसके बाद तबादला होने की बोल पुराना फर्नीचर बेचने के बहाने रुपये मांगे जा रहे हैं। कुछ परिचितों ने आईडी को सही मानकर रुपये ऑनलाइन भेज भी दिए।



## राज चौहान हत्याकांड के बाद यमुनापार में पुलिस का कड़ा पहरा

**आगरा एनएनआई।** चर्चित राज चौहान हत्याकांड के बाद यमुनापार क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने सख्ती और तेज कर दी है। अपराधियों पर नकेल कसने और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लगातार सक्रिय कदम उठा रही है।

रविवार को एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने थाना ट्रांस यमुना और एत्माद्दौला क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में दूसरे दिन भी पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया और शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि इलाके में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जनता की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पैदल मार्च का उद्देश्य अपराधियों में डर पैदा करना और आम नागरिकों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करना है। आने वाले दिनों में भी क्षेत्र में गश्त और निगरानी लगातार जारी रहेगी।


## सूचना

मेरी हाईस्कूल यूपी बोर्ड वर्ष 1989 अनुक्रमांक 15789, इंटरमीडिएट 1994 वर्ष अनुक्रमांक 604575 की मार्कशीट सनद वास्तव में कहीं खो गई है।

**शिवदत्त पुत्र श्री शिवनारायण निवासी ग्राम व पोस्ट बटेश्वर तहसील बाह जिला आगरा**


## पुलिस भर्ती के नाम पर युवक से 5 लाख की ठगी

**आगरा एनएनआई।** थाना सिकंदरा क्षेत्र में खुद को मंत्री का रिश्तेदार बताने वाले दो सगे भाईयों पर एक युवक से पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये ठगने का आरोप है। पीड़ित ने मामले की तहरीर रुनकता पुलिस चौकी में दी है। पीड़ित अनिल कुमार निवासी जारुआ कटरा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में दो व्यक्ति उसके घर पहुंचे। खुद को सत्ताधारी दल से जुड़ा नेता बताया। उन्होंने मंत्री और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ खिंचवाई गई अपनी फोटो भी दिखाई। पार्टी में अपनी पहुंच का हवाला देकर बेटे को पुलिस में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके बदले में 10 लाख रुपये की मांग की। इसमें से पांच लाख रुपये ले भी लिए।

## अभियान में 10 बसें, 7 ऑटो व ई रिक्शा सीज

एनएनआई

**आगरा।** यातायात पुलिस की लगाम बेअसर साबित हो रही है। हालांकि, यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर 10 बसें और 7 ऑटो सीज करने का दावा किया है। बीते वर्ष जनवरी में गुरुद्वारा गुरु का ताल के पास हुए एक भीषण हादसे में 13 वर्षीय बच्चे सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने अभियान चलाकर ऑटो में अतिरिक्त सीटें हटवाई थीं और चालकों को सख्त निर्देश दिए थे। कुछ दिनों की सख्ती के बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो गई। आए दिन लूटपाट और अन्य अपराधों के मामले सामने आने के बावजूद चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

अधिकांश चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# राम ने सबरी के बेर खाकर सिखाई समरसता

### सम्मेलन में हिंदू सनातन संस्कृति पर गर्व, गौरव करने का आह्वान

एनएनआई

**एत्मादपुर।** प्रभु श्री राम ने माता सबरी के झूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता सिखाई है। भारत में भूमि और नदियों तक को माता माना जाता है। कलयुग में संगठन के आधार पर ही सत्य सनातन धर्म की स्थापना होगी। इस के लिए हम सभी को अलग-अलग बंटने की जगह एकता लानी पड़ेगी। संगठित रहने के लिए आपस में भेद-भाव बरतना छोड़कर सामाजिक समरसता के आधार पर सभी को एक नल, एक श्मशान और एक मंदिर पद्धति की सामुदायिकता अपनानी चाहिए। भारत वैभवशाली राष्ट्र है। हिंदुओं को अपनी संस्कृति पर गर्व और गौरव करना चाहिए।

'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसी कालजई सूक्ति से आस्था और श्रद्धा-भक्ति का अलौकिक मर्म समझाने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जयंती दिवस पर रविवार को नगर के राजकीय आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) के विशाल मैदान पर आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता धर्म जागरण समन्वय ब्रज प्रांत के प्रांत प्रमुख विशाल कुमार ने मौजूद हिंदुओं में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की चेतना का संचार किया तो यूजीसी के बवंडर और आयोजकों की आपसी गुटबाजी के कारण खाली कुर्सियां के बावजूद वातावरण तालियों से गुंजायमान हो गया। उन्होंने कहा कि भारत की पावन भूमि पर ही भगवान जन्म लेते हैं। हमें सावधान रहना चाहिए कि आजादी के समय भी विधर्मी गद्दार थे और आज भी हैं। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करना चाहिए, इससे पुनः एक नई क्रांति आएगी। उन्होंने आह्वान किया कि पाश्चात्य संस्कृति से बचने के लिए हमें कुटुंब प्रबोधन के तहत नई पीढ़ी को प्राचीन परंपराओं का ज्ञान कराना होगा। सम्मेलन में अखंड भारत परिषद अखाड़ा वृंदावन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद महाराज, आर्य समाज के पूर्व कालिक राष्ट्रीय प्रचारक हरीशंकर आदि ने भी धार्मिक, बौद्धिक चर्चा की। आयोजन समिति के अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन विशंभर सिंह ठेकेदार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी का आभार जताया। जबकि सम्मेलन का सफल प्रभावी संचालन महामंत्री पूर्व प्रधान भाजपा नेता योगेंद्र सिंह धाकरे ने किया। संयोजक अरविंद सोलंकी, संरक्षक डा अरुण उपाध्याय, स्वयं सेवक संघ के देवेंद्र सिंह जी आदि ने व्यवस्था संभाली। रविवार को एत्मादपुर के अलावा बरहन के रामलीला मैदान और खंदौली में मातेश्वरी केला देवी मेला मैदान पर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अमृतकाल में चलाए जा रहे धर्म जागरण अभियान के तहत हिंदू समाज में एकता लाने के लिए सम्मेलन आयोजित किए गए।




### भोज में उमड़ी भीड़, कुर्सियां रही खाली...

राजकीय आदर्श विद्यालय के प्राचीन मैदान राममंदिर निर्माण आंदोलन के लिए हुए सम्मेलनों की श्रृंखला के बाद रविवार को वर्षों बाद एक बार फिर भगवा रंग में रंगा। मौका था फिर से हिंदुओं में एकता की जागृति लाने के लिए विराट हिंदू सम्मेलन में शंखनाद का। लेकिन कुछ लोगों की आपसी गुटबाजी ने कुर्सियां नहीं भरने दीं। सड़कों पर बड़े-बडे. लगाए गए होर्डिंगों पर चमकते चेहरे मैदान में दिखाई नहीं दिए। इसको लेकर चर्चाएं चल रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस मौके पर सम्मेलन के समापन पर हुए समरसता के भोज में अपार भीड़ दिखाई दी।



NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 02 फरवरी, 2026


# नवागत मंडलायुक्त नागेन्द्र प्रताप ने संभाला पदभार



एनएनआई

**आगरा।** नागेन्द्र प्रताप ने रविवार को आयुक्त आगरा मण्डल, आगरा के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभाग ग्रहण करने के दौरान मण्डल आयुक्त पद से सेवानिवृत्त हुए शैलेन्द्र कुमार सिंह और जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी, अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, अपर आयुक्त न्यायिक मंजूलता और आयुक्त पीए पदम चंद्र मिश्रा ने नवागत मण्डल आयुक्त का पदभार ग्रहण करने पर नागेन्द्र प्रताप को बधाई दी। इससे पूर्व नवागत आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।


बता दें कि नवागत मण्डल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से इटावा के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे। इससे पूर्व वे वर्ष 2016 में आगरा में मुख्य विकास अधिकारी, वर्ष 2017 में लखनऊ यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और वर्ष 2018 में मथुरा में यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2024 में बांदा जिला के जिलाधिकारी के रूप में अपना दायित्व निर्वहन कर चुके हैं।

# मनकामेश्वर मंदिर में 11 रुद्र अखंड ज्योति रजतावरण का हुआ जीर्णोद्धार

- वैदिक मंत्रोच्चार, गुरुजनों के आशीर्वाद और अखंड आस्था के साथ सिद्ध हुआ मनोरथ
- वर्ष 2028 में बदला जाएगा मुख्य शिवलिंग का आवरण, विगत वर्ष अर्पित हुआ था रजत द्वार

**आगरा एनएनआई।** आगरा के प्राचीन, सिद्ध एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र श्री मनकामेश्वर मंदिर, रावत पाड़ा में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्ति, परंपरा और अध्यात्म से ओतप्रोत एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में चांदी निर्मित 11 रुद्र अखंड ज्योति रजतावरण के जीर्णोद्धार का भव्य मनोरथ विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण किया गया। श्री महंत योगेश पुरी द्वारा पूर्व अखंड दीपक से एक एक करके जोत लेकर रजत दीपों को प्रज्वलित किया गया।

मंदिर के श्री महंत योगेश पुरी ने बताया कि यह पुण्य कार्य 27 पीढ़ियों के श्री महंत गुरुजनों के आशीर्वाद से सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि आज



पूरे भारत में श्री मनकामेश्वर मंदिर एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां 11 रुद्र अखंड ज्योतियां रजतावरण स्वरूप में सतत प्रज्वलित हैं, जो सनातन आस्था और अखंड साधना का अनुपम उदाहरण हैं। 11 ज्योतिर्लिंग द्वादश ज्योतिर्लिंग के प्रतीक स्वरूप हैं जिसमें से एक स्वयं बाबा श्री मनकामेश्वर हैं।

उन्होंने बताया कि शास्त्रसम्मत परंपरा के अनुसार संध्याकाल में दीप प्रज्वलन का विधान है। इसी क्रम में सूर्यास्त के समय वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चांदी निर्मित 11 रुद्र अखंड ज्योति रजतावरण स्वरूप का मनोरथ सिद्ध किया गया। मंदिर परिसर में अखंड ज्योतियां प्राचीन काल से निरंतर प्रज्वलित चली आ रही हैं, जो बाबा मनकामेश्वर की कृपा और श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का जीवंत प्रतीक हैं।

उन्होंने बताया कि ये अखंड ज्योतियां सैकड़ों वर्षों से निरंतर प्रज्वलित हैं और मंदिर की आध्यात्मिक परंपरा की साक्षी हैं। कोरोना काल में भी अखंड ज्योत प्रभावित नहीं हुईं थीं।

अखंड ज्योति प्रज्वलन के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भी दीप प्रज्वलित कर बाबा से सुख, शांति, समृद्धि और लोककल्याण की कामना की। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष और भक्तिरस से सराबोर हो उठा।

माघ पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर संपन्न 11 रुद्र अखंड ज्योति रजतावरण का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का सशक्त प्रतीक बना, बल्कि श्री मनकामेश्वर मंदिर की प्राचीन परंपराओं, अखंड साधना और सनातन संस्कृति की गौरवशाली धरोहर को भी उजागर करता है।

मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने बताया कि विगत वर्ष सावन मास से पूर्व बाबा मनकामेश्वर को 100 किलोग्राम चांदी से निर्मित भव्य द्वार समर्पित किया गया था, जिस पर भगवान शंकर के सभी प्रमुख प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। अब प्रयास है कि 2028 में मुख्य शिवलिंग का चांदी का आवरण बदला जाएगा। 200 किलो चांदी का आवरण मुख्य शिवलिंग पर धारण कराया जाएगा।

# वर्तमान में बच्चों को सनातन धर्म और अपनी संस्कृति समझने की आवश्यकता

एनएनआई

**आगरा।** विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन खेरिया मोड़ स्थित मिलन वाटिका पर किया गया। मुख्य अतिथि मनकामेश्वर मंदिर के महंत योगेशपुरी, विशिष्ट अतिथि ईश्वरीय विद्यालय ब्रह्मकुमारी बहन मधु दीदी, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह संपर्क प्रमुख हरीश रौतेला, कार्यक्रम अध्यक्ष डीके बोगरा ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हरीश रौतेला ने संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला संघ के विभिन्न आयामों और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया संघ 1925 से प्रारंभ होकर आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना है, इसे विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आज विश्व में एकमात्र हिंदुओं का संगठन है जो देश के सनातन ब संस्कृति को अपनी धरोहर समझ कर सजे हुए है। आज पूरे विश्व के



निगाहे संघ पर टिकी हुई हैं।

महंत योगेशपुरी ने बताया आज हमारे परिवार के बच्चों को सनातन धर्म एवं अपनी संस्कृति को समझने की आवश्यकता है। हम लोगों को जातियों से उठकर एक समाज बनकर रहना चाहिए। मधु दीदी ने कहा हम सबको अपने जीवन के उद्देश्य को समझ कर समाज को नई दिशा देने की आवश्यकता है। सनातन धर्म में सभी का सम्मान है,इसी ध्येय को समझकर अपने बच्चों को बताना चाहिए।

डी के बोगरा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण वर्मा ने व कार्यक्रम पालक मोहित वर्मा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, अशोक वर्मा, हमेंद्र शर्मा, खगेश मथुरिया, संजय मगन, प्रमेंद्र शर्मा, योगेंद्र अवस्थी, गौरव अग्रवाल, महेश शर्मा, जय सिंह सरदारा, डिंपल शर्मा, योगेश त्यागी, इंद्रपाल सिंह, शशि उपाध्याय, अमित लवानिया, केसी लवानिया नरेंद्र वशिष्ठ, देवेंद्र खंडेलवाल, शैलेश गोयल, दिनेश रावत, वंशी बदन झा आदि उपस्थित रहे।

# श्री पद्मप्रभु जिनालय में हुआ भव्य वेदी शिलान्यास

एनएनआई

**आगरा।** अवधपुरी स्थित श्री पद्मप्रभु जिनालय में वेदी शिलान्यास समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में यह कार्यक्रम विधि-विधान के साथ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया।



शुभारंभ जिनेन्द्र देव के मंगल पाठ एवं शांतिधारा से हुआ। इसके पश्चात ध्वजारोहण का पुण्य कार्य प्रकाशचंद जैन, रवि जैन एवं डॉ. शैलेंद्र जैन परिवार द्वारा किया गया, वहीं दीप प्रज्वलन का सौभाग्य विजय जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पद्मप्रभु महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री पद्मप्रभु जिनालय परिवार, अवधपुरी द्वारा दूर-दराज से पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह के मध्य उपाध्यायश्री ने सभी भक्तों को मंगल उद्बोधन प्रदान किया। इसके पश्चात मूलनायक भगवान पद्मप्रभु की नवीन वेदी के शिलान्यास का पुण्य कार्य सुमरचंद जैन पांडया, आशा पांडया,अंशु पांडया एवं सलोनी पांडया परिवार द्वारा सम्पन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने भी शिलाएं स्थापित कर समारोह की समस्त धार्मिक क्रियाओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

संचालन अनंत कुमार जैन ने किया। आयोजन में आगरा दिगंबर जैन परिषद, श्री पद्मप्रभु महिला मंडल, वात्सल्य सेवा समिति, नवकार युवा मंच, वीर सेवा महिला मंडल सहित आगरा नगर के समस्त महिला एवं युवा मंडलों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में श्री सर्वतोभद्र जिनालय बलकेश्वर समिति द्वारा आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित भगवान आदिनाथ पंचकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर रोहित जैन अहिंसा, पारस जैन कांसल प्रवीण जैन, विवेक जैन, अजय मास्टर, अजय जैन, नरेंद्र जैन, राकेश जैन, जितेंद्र जैन, जयकुमार जैन, रविंद्र जैन, रवि जैन, संजय जैन, संजीव जैन, मनीष जैन मीडिया प्रभारी शुभम जैन, कविता जैन,करुणा जैन,शालू जैन, अंजली जैन, रीता जैन, रश्मि जैन, पुष्पा जैन, रागिनी जैन, सीमा जैन, अंजू जैन, सहित अवधपुरी एवं कलाकुंज जैन समाज के अनेक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सफाई मजदूरों के शोषण के खिलाफ बुलंद की आवाज




एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का 73वाँ प्रांतीय अधिवेशन घटिया स्थित हरियाली वाटिका में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सफाई मजदूरों के शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की।

अधिवेशन में सर्वसम्मति से आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त कर सभी सफाई कर्मचारियों को स्थाई नौकरी देने की माँग उठाई गई। संघ के अध्यक्ष गौरव वाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति की माँग लंबे समय से लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों से पूरा काम ले रही है, लेकिन उन्हें स्थायी नौकरी का लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही 800 पारियों में चल रही अस्थायी व्यवस्था को समाप्त करने की भी माँग की। पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्य ने कहा कि अधिवेशन का उद्देश्य सभी मजदूरों को एक सूत्र में बांधकर उनके अधिकार और सम्मान की लड़ाई को मजबूती देना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने सफाई कर्मचारियों की माँगों पर शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो बड़े स्तर पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अधिवेशन के दौरान सभी प्रतिनिधियों को पगड़ी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री अश्विनी कुमार, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रमिक नेता एडवोकेट सुभाष गोस्वामी, कानपुर मंडल अध्यक्ष बृजलाल भारतीय सहित राकेश परिहार, सतीश समुद्रे, किशोर सागर, मुकेश वाल्मीकि, डब्लू वाल्मीकि, गोपाल भारतीय, ज्ञान भारतीय, राजिंदर, अवधेश, राज खन्ना, धीरज, रमेश बैरीबाल, प्रेम सागर उपस्थित रहे।

# प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों को वितरित की गई 29 लाख की छात्रवृत्ति

एनएनआई

**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास में सदैव प्रतिबद्ध रहता है। इसी ध्येय को दृष्टिगत रखते हुए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 49 छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 की दसवीं की परीक्षा में उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति चेक प्रदान किए गए।

छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों का विवरण

**1 लाख 46 हजार 400 रुपए**

वंश रमानी, ध्रुवि गुप्ता, गीतिका कुकरेजा व आर्या शर्मा

**1 लाख 43 हजार 200 रुपए**

साक्षी भोजवानी

**1 लाख 34 हजार 200 रुपए**

हर्ष भारद्वाज

**1 लाख 9 हजार 200 रुपए**

अर्जंग़िनी सारस्वत व अक्षिता सिंह

**73 हजार 200 रुपए**

आर्य जैन, अर्पित अग्रवाल, परी, शुभांग सिंह व अनमोल चैत्य

**71 हजार 600 रुपए**

अदिता अग्रवाल व श्रुति चंद्रा

**59 हजार 800 रुपए**

अंशिका मिश्रा

**54 हजार 600 रुपए**

अर्शिया मखीजा, कुमार सुहावन, शिवम जैन, अक्षर मिश्रा, हर्षित




पुरवर व अक्षत मल्होत्रा

**47 हजार 400 रुपए**

सोनाक्षी सिंह व इशानी शंकर

**36 हजार 600 रुपए**

अक्षत गंगवार, आराध्य दयाल, मनिक गुप्ता, अनिरुद्ध भारद्वाज, अंशुमन सिकरवार, कशिश चौहान, परी बंसल, आध्या गंगवार, सौम्य प्रताप ढाँगर व अर्जुन गुप्ता

**35 हजार 800 रुपए**

मनन गुंबर, गीत अग्रवाल व गर्व जैन

**34 हजार 650 रुपए**

आद्या सोनी

**33 हजार 550 रुपए**

पवित्रा बंसल

**27 हजार 300 रुपए**

तन्मय श्रीवास्तव, अनुराग जैसवाल, आर्य शाल्या, अनन्या पुरोहित, एंजल वर्मा, संस्कृति गुप्ता, गार्गी चौधरी व वाणी कटियार

**23 हजार 700 रुपए**

अनुप्रभा प्रजापति व अंशुल वर्मा

**छात्रवृत्ति निम्न आधारों पर निश्चित की गई थी –**

प्रथम श्रेणी- 95% या उससे ज्यादा अंक - 100% कंपोजिट फीस स्कॉलरशिप

द्वितीय श्रेणी- 90 से 94.9% अंक - 50% कंपोजिट फीस स्कॉलरशिप

तृतीय श्रेणी- 80 से 89.9% अंक - 25% कंपोजिट फीस स्कॉलरशिप

इसके अतिरिक्त वर्तमान सत्र में छात्र की उपस्थिति 75% होनी चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. रंजना बंसल ने विद्यालय प्रबंधन के इस सार्थक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अकेला ऐसा विद्यालय है जो अपने छात्रों के हित को दृष्टिगत रखते हुए इतनी बड़ी धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि छात्रवृत्ति केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में विद्यालय का सशक्त निवेश है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर भव्य कीर्तन समागम

एनएनआई

**आगरा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर रविवार को चेतना सत्संग गुरु घर, एन.एच.-2, नगला परस सुख, फिरोजाबाद रोड, आगरा में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से परिपूर्ण भव्य कीर्तन समागम का आयोजन किया गया, यह आयोजन प्रेरणास्रोत हरिचरन मुल्ला जी की प्रेरणा दशकों से किया जा रहा है।



इस पावन समागम में श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के पवित्र स्थान श्री हेमकुंठ साहिब से पधारे हजूरी रागी भाई साहब हरपाल सिंह ने कीर्तन के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की महिमा, उपमा एवं जीवन दर्शन का काव्यात्मक वर्णन किया, उनके मधुर एवं भावविभोर कर देने वाले कीर्तन से पूरा वातावरण गुरुमय हो उठा और संगतें निहाल हो गईं। मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, प्रमोद गुप्ता, रविकांत, बिजेंद्र सिंह, नितिन कोहली,श्याम भोजवानी, रामबाबू हरित, सौरभ कांत, सुभाष भिलावली, देवकीनंदन सोन, इंद्रजीत आर्य, दिनेश भारत, अशोक पिपल,पूरन सिंह मौजूद रहे।

# प्रीपेड ड्राइवर्स एकता यूनियन की चुनाव प्रक्रिया 5 फरवरी से



एनएनआई

**आगरा।** प्रीपेड ड्राइवर्स एकता यूनियन के चुनाव का निर्धारण हुआ। यूपी रोडवेज एम्प्लाइज यूनियन के कार्यालय पर हुई मीटिंग में चुनाव अधिकारी लक्ष्मी नारायण शर्मा, जिला अध्यक्ष जिला ट्रेड काउंसलिंग और पंडित सत्यनारायण शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष अप रोडवेज एंप्लाइज यूनियन, उत्तर प्रदेश सहायक चुनाव अधिकारी राकेश कुमार राजपूत, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कर्मचारी मजदूर यूनियन आगरा के संयुक्त नेतृत्व में 5 फरवरी को नामांकन पत्रों का वितरण किया जाएगा। 6 फरवरी शाम 5:00 बजे तक नामांकन और 7 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक होंगे। इसके बाद 3 से शाम 5 बजे तक नामवापसी होगी। 15 फरवरी को चुनाव सुबह 9 बजे से 4 बजे तक वोटिंग होगी और इसी दिन शाम को सात बजे परिणाम घोषित होगा। 20 जनवरी से शुरू हुई सदस्यता अभियान 30 जनवरी को संपन्न हुआ। करीब 350 ऑटो टैक्सी चालकों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की यूनियन के प्रत्येक सदस्य के पास लाइसेंस होना अनिवार्य है बगैर लाइसेंस के चालकों को यूनियन की सदस्य नहीं दी गई है।

ईदगाह बस स्टैंड पर अप रोडवेज कार्यालय यूनियन कार्यालय पर सरस्वती लक्ष्मी नारायण शर्मा पंडित सत्यनारायण शर्मा राकेश कुमार राजपूत अनिल शर्मा ने इलेक्शन से संबंधित रूपरेखा को दिया अंजाम दिया।



# बजट पर ताजनगरी के बोल



आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि इस बार का आम बजट दूरदर्शी और सर्वसमावेशी बजट है ,निश्चित ही यह बजट भारत को केवल आगे ही नहीं बढ़ाएगा,बल्कि वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने की शक्ति भी प्रदान करेगा।राजनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाना,पुराने औद्योगिक क्षेत्रों को फिर से पुनर्जीवित करना,इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाना, एम एस एम ई को चैंपियन बनाना,लंबी अवधि की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना,शहरी आर्थिक क्षेत्रों का विकास करना प्रमुख निर्णय है।व्यापारियों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है और कौशल विकास,स्वास्थ्य और आर्थिक भागीदारी बढ़ाने वाली योजनाओं पर फोकस किया गया है।

**राजकुमार गुप्ता अध्यक्ष भाजपा आगरा महानगर।**



बजट में बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं के लिए कौशल विकास, स्टार्टअप्स और नई तकनीक को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम हैं। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और किफायती दवाओं से जुड़े निर्णय आम जनता को सीधा लाभ देंगे। यह बजट किसान, मध्यम वर्ग और उद्यमियों की अपेक्षाओं को संतुलित तरीके से संबोधित करता है और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाता है। केंद्रीय बजट 2026-27 देश की विकास यात्रा को तेज करेगा और आने वाले वर्षों में भारत को वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएगा।

**नवीन जैन**
**राज्यसभा सांसद**



## आम बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला: भाजपा

एनएनआई

**आगरा।** केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा सदन में प्रस्तुत बजट आज लाइव प्रसारण के माध्यम से भाजपा ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान,महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामप्रताप चौहान ने कहा कि आम बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला और नई सदी के भारत की दिशा और गति तय करने वाला रोड मैप है जिसमें गरीब का सम्मान,किसान की मजबूती,युवाओं का उज्ज्वल भविष्य,महिलाओं का सशक्तिकरण,व्यापारियों को बड़ी राहत एवं हर वर्ग को आगे बढ़ाने और राहत देने की स्पष्ट झलक दिखाई देती है।

महिला आयोग अध्यक्ष बबीता चौहान ने कहा कि आम बजट 145 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ साथ किसान बंधुओं,महिलाओं को सशक्त करने ,युवाओ,उधमियों एवं आम नागरिकों के कल्याण एवं उनके उन्नयन के नए मार्ग प्रशस्त करेगा।हर जिले में कामकाजी महिलाओं के महिला छात्रावास की घोषणा महिलाओं के लिए बहुत उपयोगी घोषणा है।

ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर केशो मेहरा, शिवशंकर शर्मा, निर्मला दीक्षित, इंद्रजीत आर्य, टी एन अग्रवाल, हेमंत भोजवानी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, रोहित कत्याल, प्रेम सिंह धाकड़, शैलू पंडित, नवीन प्रजापति, प्रमोद वाल्मीकि, जय गुप्ता, हिमांशु ठाकुर, ललित शर्मा, उपमा गुप्ता, रेणु गुप्ता, निधि शर्मा, कुशल गोयल, आदित्य अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

रक्षा बजट में 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी सरकार के दूरदर्शी विजन का प्रमाण है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद के घटनाक्रमों को देखते हुए यह कदम भारत की सुरक्षा अभेद्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय सामरिक सुदृढ़ता पर ध्यान केंद्रित करना एक परिपक्व अर्थव्यवस्था और सशक्त राष्ट्र की पहचान है। यह निवेश न केवल हमारी सीमाओं को सुरक्षित करेगा, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी रक्षा उत्पादन को भी नई ऊर्जा देगा।



**-कर्नल जी. एम. खान, सेना मेडल (वीरता), सेवानिवृत्त**

डायबिटीज कैंसर एवं 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाओं का सस्ता होना निःसंदेह फायदेमंद साबित होगा। तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थाओं की स्थापना। अगले 5 वर्षों में 100000 एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स का जोड़ा जाना अच्छा होगा। पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब स्थापित करने के लिए सहायता देने की योजना है। डेढ़ लाख केयर गिवर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा जो कि आवश्यक है। आपातकालीन एवं ट्रॉमा केयर केंद्रों की स्थापना से जिला अस्पतालों की क्षमता 50% वृद्धि होगी।



**डा पंकज नगायच**
**अध्यक्ष आईएमए आगरा**
**सह संयोजक ब्रज क्षेत्र चिकित्सा प्रकोष्ठ बीजेपी।**

सरकार द्वारा पेश किया गया बजट किसानों, मध्यम वर्ग और युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। रोजगार सृजन को लेकर कोई स्पष्ट और ठोस रोडमैप इस बजट में नजर नहीं आता, जिससे देश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। आगरा जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन शहर—जो देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार में अहम भूमिका निभाता है—को इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। यह आगरा और ब्रज क्षेत्र के साथ अन्याय है।



यह बजट विकास का नहीं, बल्कि जनता को गुमराह करने का बजट है। सरकार को सब्सिडी और आर्थिक सहायता बढ़ानी चाहिए थी, लेकिन बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

**सोनू अग्रवाल (कांग्रेस नेता)**

यह बजट देश के मध्यम वर्ग, युवाओं और छोटे कारोबारियों की वास्तविक समस्याओं से दूर दिखाई देता है। महँगाई, बेरोजगारी और रोजमर्रा के बढ़ते खर्च पर ठोस राहत देने के बजाय सरकार ने आंकड़ों और घोषणाओं का सहारा लिया है। आयकर ढांचे में संरचनात्मक सुधार, ईंधन व आवश्यक वस्तुओं पर कर राहत, तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में जमीनी निवेश की जो अपेक्षा थी, वह पूरी नहीं हुई। रोजगार सृजन के स्पष्ट और मापनीय उपायों का अभाव चिंताजनक है। यह बजट आम नागरिक की जेब मजबूत करने के बजाय आर्थिक असमानता को अनदेखा करता दिखता है। देश को ऐसे बजट की जरूरत थी जो आय बढ़ाए, खर्च घटाए और भविष्य की सुरक्षा दे — दुर्भाग्य से यह अवसर खो दिया गया।



**पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत आम बजट मे खिलाड़ियों के लिए खेलकूद के सामान और उपकरण सस्ते करने के लिए धन्यवाद के काबिल है। शुगर और कैंसर की जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क कम करने पर सस्ते होने पर इसका स्वागत है, साथ ही बुजुर्गो को मेडिकल सुविधा बढ़ाने पर वित्तमंत्री का आभार।



**सुनील जैन**
**महामंत्री, सामाजिक संस्था, लीडर्स आगरा**

अबकी बार बजट सिर्फ एक औपचारिकता लगता है उसमें कुछ खास नहीं है बस क्यूंकि एक परम्परा है तो बजट लाया गया है। न सरकार में उत्साह है और न जनता में आम आदमी को इस बजट से किसी भी तरह की उम्मीद नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अपने लोगों के लिए ही बजट लेकर आई है।



**दिलीप बंसल**
**महानगर अध्यक्ष**
**आम आदमी पार्टी**

## आगरा को बुलेट ट्रेन की सौगात, दो घंटे में पहुंचेंगे काशी

एनएनआई

**आगरा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में आगरा को बुलेट ट्रेन की सौगात दी है। ये ट्रेन 350 किमी. प्रति घंटे की गति से रफ्तार भरेगी। महज दो घंटे में लोग काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी पहुंच सकेंगे। ये 12 स्टेशनों से होकर गुजरेगी। कॉरिडोर निर्माण में 1.21 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे कई जिलों के लोगों को सुविधा मिलेगी।

बजट में सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है। इसमें दिल्ली-वाराणसी, मुंबई-पुणे, चेन्नई-बंगलूरू, हैदराबाद-बंगलूरू, पुणे-हैदराबाद और हैदराबाद-चेन्नई कॉरिडोर बनेंगे। इसमें दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड कॉरिडोर आगरा से होकर गुजरेगा। दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) कॉरिडोर 865 किमी. लंबा होगा।

आगरा से वाराणसी की दूरी करीब 650 किमी. है। ऐसे में दो घंटे में बुलेट ट्रेन वाराणसी पहुंचा देगी। कॉरिडोर का निर्माण नेशनल हाईस्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) करेगा। ये एलिवेटेड ट्रैक होगा। कुछ जगह ही भूमिगत लाइन बनेगी। पांच साल में ये प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा।

बुलेट ट्रेन संचालन में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होगा। भूकंप की स्थिति में बुलेट ट्रेन स्वतः रुक जाएगी। इसमें अरजेंट अर्थक्वेक डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टम (यूआरईडीएएस) लगा होगा, जिससे भूकंप की स्थिति में ट्रेन रुक जाएगी।

बुलेट ट्रेन में 750 यात्रियों की क्षमता होगी। इसका किराया 4.5 रुपये प्रति किमी. होगा। इसमें आगरा से वाराणसी का किराया करीब 2,950 रुपये प्रस्तावित है। दिल्ली से लखनऊ का किराया 1,980 रुपये होगा। दिल्ली से वाराणसी का किराया 3,240 रुपये प्रस्तावित है।

**ये हैं प्रस्तावित स्टेशन:**

सराय काले खां दिल्ली, नोएडा, जेवर एयरपोर्ट, मथुरा, आगरा, इटावा, साउथ कन्नौज, लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज, न्यू भदोही और वाराणसी।

# कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष ही आर्य जीवन का लक्ष्य

- आर्य समाज सामाजिक जागरण का सशक्त आंदोलन : आचार्य स्वदेश
- पांच सूत्रीय मांगों के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय आर्य महासम्मेलन




एनएनआई

**आगरा।** आर्य समाज केवल धार्मिक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण का आंदोलन है। सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य और परोपकार ही आर्य जीवन की पहचान है। आर्य समाज कुरीतियों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। ये उद्गार कमला नगर स्थित जनक पार्क में आर्य केंद्रीय सभा की ओर से आयोजित आर्य महासम्मेलन में समापन के अवसर पर मुख्य वक्ता वेद मंदिर मथुरा के अधिष्ठाता आचार्य स्वदेश ने व्यक्त किए।

वक्ता स्वामी विश्वानंद ने कहा कि आज समाज नैतिक पतन की ओर बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण वेद मार्ग से विमुख होना है। युवा वर्ग नशा, हिंसा और दिखावे से दूर रहकर संयमित एवं चरित्रवान जीवन अपनाएं। वक्ता कन्या गुरुकुल सासनी की अधिष्ठाता आचार्या पवित्रा ने कहा कि वेदों में नारी को समान अधिकार और उच्च स्थान प्राप्त है। दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयाँ मानवता पर कलंक हैं, जिनका समूल नाश आवश्यक है। वक्ता आचार्य विष्णुमित्र वेदारथी ने कहा कि सत्य, सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति ही आर्य जीवन की पहचान है। प्रधान सीए मनोज खुराना ने बताया कि तीन दिवसीय महासम्मेलन में अजमेर, देहरादून, प्रयागराज, चंडीगढ़ और आगरा मण्डल सहित लगभग पाँच हजार से अधिक आर्यजनों ने भाग लिया। मंच से अरविंद मेहता की जीव ईश्वर प्रकृति और ईश्वर अग्रवाल की वेद पीयूष पुस्तक का विमोचन विद्वानों द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि सम्मलेन की शुरूआत सुबह योग, प्राणायाम, यज्ञ एवं ध्यान साधना से हुई। भजनोपदेशक पंडित कुलदीप आर्य द्वारा महर्षि दयानंद आर्य समाज और वैदिक धर्म के भजनों द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन आर्य अश्वनी ने किया। इस अवसर पर मंत्री वीरेंद्र कनवर, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, उमेश पाठक, डॉ. अनुपम गुप्ता, विजयपाल सिंह चौहान, अनुज आर्य, प्रदीप कुलश्रेष्ठ, विकास आर्य, भारत भूषण शर्मा, प्रेम वर्मा, प्रेमा कनवर, सुमन कुलश्रेष्ठ, वंदना आर्य आदि मौजूद रहे।

**इन्हें मिला आर्य सम्मान**

आर्य समाज में विशेष सहयोग देने के लिए देव सरन, सुधीर गुप्ता, सचिन मल्होत्रा, राजेंद्र मल्होत्रा, अमित आर्य, ऋषिमोहन ठाकुर, नमिता शर्मा, जगवीर सिंह तोमर, अरुण सक्सेना, ऋषि गुप्ता, राजपाल सिंह आर्य और देवपाल शास्त्री को आर्य सम्मान दिया।

# ब्लैक पैंथर को हराकर रॉयल टाइगर बना विजेता

एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा ने एक दिवसीय मैत्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन शमशाबाद रोड स्थित जॉन मिल्टन स्कूल में किया। मैच की शुरूआत मुख्य अतिथि जॉन मिल्टन स्कूल के निदेशक विनोद बंसल और शाखा अध्यक्ष विजित गुप्ता ने दीप प्रवज्जलन कर किया। मैत्रीय मैच ब्लैक पैंथर बनाम रॉयल टाइगर के मध्य खेला गया । जिसमे ब्लैक पैंथर ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाये। दूसरी पारी में रॉयल टाइगर ने आठ विकेट के नुकसान पर 19.3 ओवर में 167 रन बना कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच मोहित



अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज राहुल वर्मा, सर्वश्रेष्ठ बॉलर सौरभ गोयल, उत्कृष्ट खिलाड़ी गौतम खंडेलवाल और सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक उमंग गोयल रहे। इस अवसर पर सचिव नवनीत गर्ग, वित्त सचिव संजीव मित्तल, अखिलेश भटनागर, अनुपम बंसल, जगदीश मित्तल, रिंकेश मित्तल, मनीष गोयल, नितिन गोयल, अनुभव अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, श्वेता कंसल, आयुषी भटनागर, अंशुल गुप्ता, साधना मित्तल, पूजा मित्तल, बबिता गर्ग आदि मौजूद रहे ।

# यूजीसी के खिलाफ पिनाहट में पैदल मार्च



**पिनाहट** एनएनआई। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून को लेकर छात्र, युवा, शिक्षक और सामाजिक वर्गों में बढ़ता असंतोष रविवार को पिनाहट में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। हिंदूवादी संगठनों से जुड़े दर्जनों कार्यकताओं और युवाओं ने पैदल मार्च निकालकर कानून को शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। प्रदर्शनकारियों ने थाना पिनाहट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें कानून को शिक्षा की गुणवत्ता एवं युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला बताया गया । राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत के नेता प्रशांत भारद्वाज ने चेतावनी दी कि यदि 19 मार्च तक कानून को वापस नहीं लिया गया तो सवर्ण समाज देशभर में उग्र विरोध दर्ज कराएगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक दायरे में रहेगा। इस दौरान नंदन पाठक, अमन शर्मा, राघवेंद्र, विष्णु, पिंटू, बलदेव शर्मा, शेंकी शर्मा, विश्वेंद्र मौजूद रहे।

# हवलदार देवेन्द्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण में गूंजी वीरगाथा

एनएनआई

**बाह।** पाक बॉर्डर पर दुश्मन के छक्के छुड़ा कर अपनी वीरगाथा की छाप छोड़ने वाले बाह के सिमराई गांव के हवलदार देवेन्द्र सिंह पिछले साल कैंसर से जिंदगी हार गये थे। वीरनारी मिथलेश ने 5 लाख रुपये



खर्च कर सपूत की वीरगाथा से जुड़ी यादों को सहेजा है। रविवार को पूर्व केबिनेट मंत्री अरिदमन सिंह एवं रामसकल गुर्जर ने स्मारक और प्रतिमा का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में भारत माता के जयकारों के बीच हवलदार देवेन्द्र सिंह की वीरगाथा की गूंज सुनाई दी। दोनों नेताओं ने कहा कि बाह की माटी ने वीर सपूत पैदा किए हैं। हवलदार देवेन्द्र सिंह का त्याग एवं बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। 6 मार्च 2000 के दिन सिमराई के जसवंत सिंह के बेटे देवेन्द्र सिंह 22 राजपूत रेजीमेंट में भर्ती हुए थे। अलमोड़ा में तैनाती के दौरान कैंसर ने उनको जकड़ लिया, पिछले साल 1 फरवरी को आगरा के मिलट्री हॉस्पीटल में सांसे थम गई थी। सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि हुई थी। वीरनारी मिथलेश ने यादों का स्मारक बनवाया, बोली कि बेटे गोलू एवं नितिन सेना में पापा तरह अफसर बनने के लिए पढ़ाई कर रहे हैं। राजपूत रेजीमेंट के सूबेदार अखिलेश सिंह, अतुल सिंह, बबलू, विनीत सिंह, प्रकाश सिंह, विजय सिंह, दशरथ सिंह, रंजीत, अजीत ने स्मारक पर पहुंच कर परिवार का हौसला बढ़ाया। इस दौरान बड़े भाई रिटायर्ड सैनिक मुन्नेश सिंह, जयवीर सिंह प्रधान, ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, हरवीर सिंह, करतार सिंह प्रधान, पूरन सिंह, प्रहलाद सिंह प्रधान, देवेन्द्र सिंह प्रधान, नेपाल सिंह, मेध सि ह महेश सिंह, रामसेवक, रामकेलाश, तहसीलदार, सुधीर गुर्जर, राकेश बाबू आदि मौजूद रहे।

# खेरागढ़ में दीपक हत्याकांड मामले में तीन और अभियुक्त गिरफ्तार

एनएनआई




**खेरागढ़।** खेरागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीपक हत्याकांड में पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए तीन और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक नाम जड़ आरोपी और दो वह अभियुक्त शामिल हैं, जिनके नाम विवेचना के दौरान सामने आए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और बाइक भी बरामद की है।

घटना की पूरी जानकारी में बताया गया कि मोहित, पियूष, आंशू और अन्य वादी के पुत्र दीपक को लाठी-डंडों ऊपर लोहे की सरिया से पीटा और जान से मारने की नीयत से गला दबाया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया अथवा उसका निजी अस्पताल में कर चल रहा था।

इस मामले में पहली गिरफ्तारी 16 दिसंबर 2025 को हुई थी। नामजर अभियुक्त पीयूष पुत्र गोपाल प्रसाद निवासी पहाड़ी कला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। उधर 56 दिन बाद दीपक की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मुकदमे में खेरागढ़ पुलिस द्वारा धारा103 (1) बीएनएस की बढ़ोतरी देखी गई।

दीपक की मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और परिजनों व स्थानीय लोगों ने एकत्रित होकर खेरागढ़ तहसील गेट पर जाम लगा दिया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई के पब्लिक बेकाबू हो गई, वहीं प्रशासन द्वारा स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीपी पश्चिमी जोन सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम को लगभग चार से पांच घंटे बाद खुलवाया गया।

इसके बाद पुलिस ने वंचित नाम से अधिकतम मोहित पुत्र कोक सिंह, थाना खेरागढ़ को गिरफ्तार किया। मोहित की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कार्रवाई और तेजी से दिखती हुई नजर आई। इसी क्रम में खेरागढ़ पुलिस ने एक अन्य नाम ज्यादा व्यक्ति आंशू उर्फ योगेश पुत्र लाल उर्फ मुकेश, निवासी धोबी पड़ा कस्बा खेरागढ़ को गिरफ्तार किया गया। साथ ही विवेचना में प्रकाश में आए दो अन्य अभियुक्त -रोहित शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा निवासी ऊंट गिरी रोड, नीरज कुशवाहा पुत्र खमण सिंह निवासी सुंदर कॉलोनी नई तहसील के सामने को भी दबिश के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त रोहित और नीरज के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक वीवो मोबाइल फोन, एक बाइक भी बरामद की है।

# पुलिस ने 24 घंटे में पकड़े तीन शातिर चोर

**मलपुरा** एनएनआई। थाना पुलिस ने भैंस चोरी की वारदात का महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की गई भैंस को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र वशिष्ठ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवम, योगेश और टिंकू के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई भैंस को बरामद कर लिया है और उसे वादी मुकदमा के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। मलपुरा पुलिस की इस त्वरित और सफल कार्रवाई की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है।



## जनसंपादकीय

# बजट में नदियों की अनदेखी!

भारत के बड़े शहर अब थक चुके हैं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता में दम घोंटने वाली ट्रैफिक, बहुत ऊँचे किराए और साँस लेने में तकलीफ हो रही है। आम आदमी इन शहरों से परेशान है।

आज भारत तेजी से शहरों की ओर बढ़ रहा है। 2025-26 में भारत की कुल आबादी करीब 147 करोड़ है, जिसमें से लगभग 36-37% लोग शहरों में रहते हैं। यानी करीब 53-55 करोड़ लोग शहरी इलाकों में हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारत की शहरी आबादी लगभग 36% है, जो 2050 तक 50% के करीब पहुँच सकती है। बड़े शहरों की आबादी बहुत तेज बढ़ रही है।

दिल्ली की आबादी 2025-26 में करीब 3.3-3.5 करोड़ है, जो दुनिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है। मुंबई करीब 2.2 करोड़, कोलकाता 1.5-1.6 करोड़, बेंगलुरु 1.4 करोड़ और चेन्नई 1.2 करोड़ के आसपास है। हैदराबाद भी 1.1 करोड़ से ऊपर है। ये महानगर रोजगार और सुविधाओं के लिए लोगों को खींचते हैं, लेकिन अब इनकी क्षमता खत्म हो रही है। ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और महँगी ज़िंदगी ने लोगों को परेशान कर दिया है।

इस साल का केंद्रीय बजट इसी समस्या को समझ रहा है। यह विकेंद्रित शहरी विकास का सपना दिखा रहा है। रिकॉर्ड 12.2 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) सिर्फ. एलान नहीं, बल्कि बड़ा संकेत है। अब विकास सिर्फ. दिल्ली-मुंबई जैसे कुछ महानगरों तक सीमित नहीं रहेगा। टियर-2 और टियर-3 शहर अब मुख्य भूमिका निभाएँगे।

बजट में सबसे अहम नई अवधारणा है सिटी इकॉनमिक रीजन (सीईआर)। शहर को सिर्फ. नगर निगम की सीमा में नहीं देखना है। इसे एक जीवंत आर्थिक क्षेत्र की तरह देखा जाएगा, जहाँ भूगोल, संस्कृति, कौशल और व्यापार जुड़े हों। पाँच साल में हर उएफ के लिए 5,000 करोड़ रुपये की 'चैलेंज मोड' फंडिंग मिलेगी। मतलब, काम दिखाओ, पैसा लो। यह पुरानी खैरात वाली व्यवस्था से हटकर प्रदर्शन पर आधारित है।

आगरा और मैसूर जैसे शहरों के लिए यह बड़ा मौका है। आगरा दशकों से सिर्फ. ताजमहल के कारण जाना जाता है। पर्यटक आते हैं और शाम तक चले जाते हैं। उएफ मॉडल से आगरा दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर पर लॉजिस्टिक्स और सर्विस हब बन सकता है। आगरा के एक होटल मालिक कहते हैं, अगर यहाँ नौकरियाँ और अच्छी पढ़ाई मिले, तो शहर सचमुच जिएगा।

मैसूर शांत और सुसंस्कृत है, लेकिन बेंगलुरु का सैटेलाइट बनकर थक गया है। एक स्टार्टअप फाउंडर श्रुति कहती हैं, हम भीड़ नहीं चाहते। हम मैसूर की साफ हवा और काम दोनों चाहते हैं।

कनेक्टिविटी इस बदलाव की कमर है। हाई-स्पीड रेल, मालगाड़ी कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल लिंक से दूरी कम होगी। रोजगार छोटे शहरों में फैलेगा। ई-बसें और ग्रीन मोबिलिटी से शहर तेज भी होंगे और साफ भी।

अमृत जैसी योजनाएँ जारी हैं, जो बताती हैं कि असली स्मार्ट सिटी पानी, सीवर, नालियाँ और सार्वजनिक जगहों से बनती है, न कि सिर्फ. इंस्टाग्राम फिल्टर से। इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड और एसेट मोनेटाइजेशन से निजी पूंजी आएगी, क्योंकि सरकार अकेले सब नहीं कर सकती।

सरकार ने लड़कियों के छात्रावास, क्षेत्रीय मेडिकल सेंटर और पर्यटन सर्किट पर भी ध्यान दिया है। शहर सिर्फ. कमाई की जगह नहीं, बल्कि अच्छी ज़िंदगी की जगह बनेंगे।

लेकिन एक बड़ा सवाल है; हमारी नदियों का क्या? बजट में नदी पुनर्जीवन की बात है, लेकिन नदियों को अभी भी ज्यादा आर्थिक रास्ता माना जा रहा है, पारिस्थितिक जीवनरेखा कम।

भारत की नदियाँ बुरी हालत में हैं। यमुना दिल्ली में जहरीली फोम वाली हो चुकी है। 2025 में भी यमुना में फेकल कोलीफॉर्म लाखों में है, जो सुरक्षित सीमा से हजारों गुना ज्यादा है। गंगा में भी कई जगह प्रदूषण बहुत ज्यादा है। 2025 कुंभ में प्रयागराज में फेकल कोलीफॉर्म 1,400 गुना ज्यादा पाया गया। साबरमती अहमदाबाद में बॉडी 292 मिली तक पहुँच चुकी है। मूसी हैदराबाद में फार्मा और सीवर से भरी है। सीपीसीबी की रिपोर्ट में 296 नदी खंड प्रदूषित हैं।

लॉजिस्टिक्स हब जरूरी हैं, लेकिन प्रदूषण और जैव विविधता को नजरअंदाज करना पुरानी गलतियाँ दोहराना है। नदियाँ साफ नहीं हुईं, तो शहरों का विकास भी अधूरा रहेगा।

यह बजट शहरों को पैसा नहीं देता, बल्कि शहरी ताकत का नक्शा बदलता है। अगर राज्य और नगर निकाय इसे गंभीरता से लें, तो भारत को नए आत्मविश्वासी शहर मिलेंगे। जहाँ लोग मजबूरी में नहीं, बल्कि सोच-समझकर आएँगे। जहाँ रोजगार घर के पास होगा। और बड़े महानगर थोड़ा सांस ले सकेंगे।

मौका बहुत बड़ा है। खतरा सिर्फ. अमल न करने का है।

**ब्रज खंडेलवाल**
**लेखक के अपने विचार**

# केंद्रीय बजट: यूपी को विकास के लिए मिलेंगे 4.26 लाख करोड़

## केंद्रीय राज्यांश में देश में सबसे ज्यादा मिले 2.68 लाख करोड़

केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही रूप में कृपा बरसी है। मोदी सरकार के खजाने से योगी सरकार की तिजोरी में लगभग 4.26 लाख करोड़ रुपये आएंगे। अलग-अलग मदों के रूप में राज्य सरकार को मिलने वाली ये धनराशि पिछले बजट की तुलना में 25 हजार करोड़ रुपये ज्यादा है। इसमें केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, कैपिटल असिस्टेंस, केंद्र प्रायोजित योजनाओं में हिस्सेदारी, सेंट्रल सेक्टर और वित्त आयोग के तहत मिलने वाली धनराशि शामिल है।



केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी देश के सभी राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा है। 2.68 लाख करोड़ रुपये योगी सरकार को इसी मद में मिलेंगे। इससे प्रदेश सरकार को विकास कार्यों को तेज करने और जनकल्याण योजनाओं को विस्तार देने में बड़ा सहारा मिलेगा। इस धनराशि से उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास और ग्रामीण योजनाओं को नई गति मिलेगी। खास तौर पर एक्सप्रेसवे, मेट्रो परियोजनाएं, औद्योगिक कॉरिडोर और स्मार्ट सिटी जैसी योजनाओं के लिए यह फंड अहम साबित होगा।

कुल केंद्रीय राज्यांश में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 17.61 प्रतिशत रही है। इसके अलावा स्पेशल कैपिटल असिस्टेंस फार स्टेट स्कीम के तहत मिलने वाले फंड में 20 हजार करोड़ आएंगे। पिछले वर्ष 18 हजार करोड़ रुपये मिले थे। इस स्कीम के अंतर्गत मिलने वाली धनराशि ब्याजमुक्त होती है, जिसकी वापसी का समय 50 वर्ष है। बजट में महिलाओं, युवाओं और छोटे उद्यमियों को खास ध्यान रखा गया है। ये बजट राज्य को 10 खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

**केंद्रीय करों में यूपी का हिस्सा**

कॉरपोरेशन टैक्स- 78,939.30 करोड़

इनकम टैक्स- 95,698.13 करोड़

केंद्रीय जीएसटी- 73,546.95 करोड़

कस्टम ड्यूटी- 14,347.21 करोड़

यूनियन एक्साइज ड्यूटी- 6,111.89 करोड़

अन्य कर व शुल्क- 267.28 करोड़

कुल - 2.68 लाख करोड़

**सड़कों, पुलों के लिए 50 साल तक ब्याजमुक्त 10 हजार करोड़**

देश में सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए केंद्र से 10 हजार करोड़ रुपये मिलेंगे। राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) स्कीम के तहत 50 साल के लिए यह राशि ब्याज मुक्त ऋण के तौर पर मिलेगी।



**12 हजार आईटीइबीपीओ को टैक्स राहत**

प्रदेश के आईटी, बीपीओ और नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग (केपीओ) सेक्टर को बड़ी राहत मिली है। जीएसटी कानून की धारा 13(8) से जुड़े प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव है। इससे विदेशी कंपनियों को दी जाने वाली सेवाओं पर लग रहा 18 प्रतिशत जीएसटी समाप्त हो जाएगा।

**पशुपालन से किसानों की मजबूती**

प्रदेश के पशुधन की सेहत सुधार में इजाफा होगा। पशुओं की जांच हो सकेगी। कॉलेज स्थापना से समय पर गभाधान की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों को मजबूती मिलेगी।

**नवीकरणीय ऊर्जा का प्रसार**

सोलर, नवीकरणीय ऊर्जा और ई-मोबिलिटी से जुड़ी कस्टम ड्यूटी एवं आयात शुल्क में रियायतों से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा मिलेगा।

**पर्यटन का दायरा बढ़ेगा**

15 पुरातात्विक महत्व के स्थलों में प्रदेश के वाराणसी का सारनाथ और मेरठ का हस्तिनापुर शामिल किया गया है। इससे प्रदेश के सांस्कृतिक पर्यटन विकास को गति मिलेगी।

**गेमिंग और एनीमेशन में रोजगार**

कंटेंट क्रिएटर लैब में यूपी की बड़ी हिस्सेदारी होगी। अभी अटल टिंकरिंग लैब से छात्रों का तकनीकी विकास हो रहा है। प्रदेश को एक-दो विश्वविद्यालय टाउनशिप मिलने की उम्मीद है।

## श्रिया पिलगांवकर ने किया पोस्ट 'मिजार्पुर- द फिल्म' की शूटिंग हुई पूरी

एक्ट्रेस श्रिया पिलगांवकर फिल्म 'मिजार्पुर : द फिल्म' में स्वीटी गुप्ता का रोल निभा रही हैं। श्रिया ने रविवार को कास्ट और प्रोडक्शन टीम के साथ कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जिसके साथ उन्होंने बताया कि उनके लिए फिल्म की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। श्रिया पिलगांवकर ने इंस्टाग्राम पर अपनी 'मिजार्पुर : द फिल्म' के सेट से कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। इन तस्वीरों और वीडियो में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी और हर्षिता गौर समेत कई लोग नजर आ रहे हैं। इसके साथ श्रिया ने लिखा, 'इट्स अ रैपअप। सेट पर इस गैंग के साथ हमेशा सबसे अच्छा समय होता है। इस टीम के साथ फिर से मिलना और स्वीटी गुप्ता के किरदार को फिर से जीना बहुत खास लगा। यह बहुत जबरदस्त होने वाली है।'



## कृति ने अपने खास दोस्त का किया शुक्रिया

कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन ने 10 जनवरी 2026 को सिंगर स्टेबिन बेन से शादी कर ली। यह शादी उदयपुर में बहुत खूबसूरती से हुई, जिसमें पहले क्रिश्चियन रस्में हुईं और फिर हिंदू रीति-रिवाज से भी विवाह पूरा हुआ। इस हिंदू शादी में सेनन परिवार के सभी सदस्यों के कपड़े फैशन डिजाइनर ने डिजाइन किए थे। जिनका शुक्रिया कृति ने अपनी एक खास पोस्ट के जरिए किया है।

शादी में नूपुर बहुत सुंदर लग रही थीं। कृति और पूरा सेनन परिवार भी खूब सजा-धजा नजर आया। उन्होंने मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए कपड़े पहने थे। आज कृति ने इंस्टाग्राम पर मनीष मल्होत्रा को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा कि मनीष ने पूरे परिवार को इतने प्यार और ध्यान से तैयार किया कि हर कोई बहुत खुश और आरामदायक महसूस कर रहा था। कृति ने आगे लिखा, 'दुल्हन से लेकर माता-पिता तक, सबके चेहरे पर खुशी साफ दिख रही थी। कृति ने कहा कि उनके मम्मी-पापा पहली बार मनीष मल्होत्रा का आउटफिट पहनकर बहुत खुश थे।' मनीष मल्होत्रा ने कृति की इस पोस्ट पर जवाब देते हुए लाल दिल वाले इमोजी बनाया और लिखा, 'मेरी प्यारी कृति, मैं तुम्हें मॉडलिंग के दिनों से जानता हूं और तुम बहुत खास हो और तुम्हारा परिवार भी बहुत प्यारा है।' इसके साथ ही मनीष ने लिखा की उन्होंने शादी में सभी के साथ खूब मस्ती की।





## टीवी की 'नागिन' चली बड़े पर्दे की राह

कुछ हिंदी टीवी सीरियल की कहानी बॉलीवुड फिल्मों से इंस्पायर होती है। लेकिन कुछ सीरियल अपने अलग तरह के कंटेंट की वजह से चर्चा में रहते हैं। इन दिनों नागिन 7 ने टीवी सीरियल की दुनिया में हलचल मचा रखी है। खबर है कि प्रोड्यूसर एकता कपूर अब इस सीरियल को फिल्म के तौर पर भी बनाने वाली है। लेकिन यह पहला सीरियल नहीं होगा, जिस पर फिल्म बन रही है। इससे पहले भी कई सीरियल ने यह राह पकड़ी है। हाल ही में एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल नागिन 7 टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। तीसरे हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसने टॉप पर जगह बनाई है। यह सीरियल दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। सीरियल में नागिन का लीड रोल प्रियंका चाहर चौधरी निभाई रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस टीवी सीरीज पर अब प्रोड्यूसर एकता कपूर फिल्म बनाने का सोच रही हैं। तो दर्शकों को टीवी की नागिन बड़े पर्दे पर दिख सकती है।

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं थम रहा 'बॉर्डर 2' का तूफान

सनी देओल, अहान शेट्टी, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'बॉर्डर 2' की रिलीज को आज पूरे दस दिन हो चुके हैं। 'बॉर्डर 2' लागातार सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। फिल्म की कमाई आसमान छू रही है,

**'बॉर्डर 2' का अब तक का कलेक्शन**

पहला दिन – 30 करोड़ रुपये
दूसरा दिन – 36.5 करोड़ रुपये
तीसरा दिन – 54.5 करोड़ रुपये
चौथा दिन – 59 करोड़ रुपये
पांचवां दिन – 20 करोड़ रुपये
छठा दिन – 13 करोड़ रुपये



सातवां दिन – 11.25 करोड़ रुपये
**पहला हफ्ता (कुल) – 224.25 करोड़ रुपये**

**दूसरे सप्ताह भी 'बॉर्डर 2' की कमाई**

'बॉर्डर 2' ने 8वें दिन 10.75 करोड़ रुपये और 9वें दिन 17.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। 'बॉर्डर 2' ने आज दूसरे रविवार को 10वें दिन 20.47 करोड़ रुपये की कमाई की है। सनी देओल की 'बॉर्डर 2' ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 273.22 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

बॉर्डर 2, अनुराग सिंह द्वारा सह-लिखित और निर्देशित एक्शन वॉर फिल्म है। यह जेपी दत्ता की 1997 की फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। इसका निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने टी-सीरीज फिल्म्स और जेपी फिल्म्स के बैनर तले किया है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में भारतीय सशस्त्र बलों- सेना, वायु सेना और नौसेना के जवानों की बहादुरी को दिखाया गया है। फिल्म में सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सहित बाकी कलाकार भी हैं। फिल्म में मोना सिंह, सोनम बाजवा, अन्या सिंह और मेधा राणा ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं।




## भारत के साथ मैच के बहिष्कार पर आईसीसी सख्त

# अपने फैसले पर फिर विचार करे पीसीबी

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को मैच नहीं होगा। पाकिस्तान सरकार ने रविवार शाम को इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान किया। दोनों टीमें ग्रुप स्टेज में कोलंबो में एक-दूसरे से भिड़ने वाली थीं। हालांकि, अब तक यह तय नहीं है अगर नॉकआउट में भारत सामने आया तो पाकिस्तान मैच खेलेगा या नहीं? इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 24 जनवरी को बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दी थी। क्ळड के इस फैसले के विरोध में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट कर दिया। जिसके बाद आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा है।

**टूर्नामेंट खेलेंगे, लेकिन भारत से मैच नहीं- पाकिस्तान सरकार**

पाकिस्तान ने रविवार को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने पर एक पोस्ट में कहा, "इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

**आईसीसी बोला- पाकिस्तान अपने फैसले पर विचार करे**

आईसीसी ने देर रात 11 बजे मीडिया रिलीज में कहा, हम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतजार कर रहे हैं। आईसीसी सरकार के फैसलों का समर्थन करता है, लेकिन पाकिस्तान का फैसला दुनियाभर में क्रिकेट के इकोसिस्टम को प्रभावित करने वाला है। आईसीसी उम्मीद कर रहा है कि पीसीबी अपने फैसले पर फिर से विचार करेगा ताकि दुनियाभर में क्रिकेट का सिस्टम प्रभावित न हो। पाकिस्तान खुद आईसीसी का सदस्य है। हम चाह रहे हैं कि पाकिस्तान किसी तरह सभी स्टेकहोल्डर्स को ध्यान में रखते हुए आखिरी फैसला ले।

**भारतीय टीम श्रीलंका जाएगी**

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बीसीसीआई सूत्रों ने साफ किया है कि भारतीय टीम तय कार्यक्रम के अनुसार ही श्रीलंका दौरे पर जाएगी। टीम 15 फरवरी को श्रीलंका पहुंचेगी और आईसीसी के सभी प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करेगी। हालांकि, मैच को लेकर अंतिम फैसला मैदान पर मौजूद मैच रेफरी द्वारा ही लिया जाएगा।

## विश्वकप में पाकिस्तान पर भारी पड़ेगा अड़ियल रवैया, 348 करोड़ दांव पर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान का भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलना उसे भारी पड़ सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अन्य क्रिकेट बोर्ड्स की तरह आईसीसी मेंबर पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हुए हैं, जो कानूनी रूप से बाध्यकारी है। इसका मतलब है कि टूनामेंट या किसी मैच का बहिष्कार सीधे आईसीसी के नियमों का उल्लंघन होगा। इससे न सिर्फ पीसीबी पर कड़े प्रतिबंध लग सकते हैं, बल्कि प्रसारकों द्वारा भी मुकदमे दायर होने की पूरी संभावना है।



**भारत-पाकिस्तान मैच के आर्थिक मायने**

भारत और पाकिस्तान का मैच विश्व क्रिकेट का सबसे अधिक देखा जाने वाला इवेंट माना जाता है।

रेवस्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ इस मैच से जुड़े लगभग 38 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 348 करोड़ रुपये) की कमाई विज्ञापन, ब्रांडेड प्रोग्रामिंग और स्पॉन्सरशिप से जुड़ी होती है।

यदि पाकिस्तान यह मैच छोड़ता है तो प्रसारक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर हजार्ने का मुकदमा दायर कर सकते हैं। इससे बोर्ड को आर्थिक बबार्दी का खतरा झेलना पड़ सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'लगभग 38 मिलियन डॉलर यानी 348 करोड़ रुपये सीधे इस मैच पर निर्भर हैं।'

**पाकिस्तान को भुगतना पड़ सकता है ये अंजाम**

आईसीसी पाकिस्तान पर कई तरह के प्रतिबंध भी लगा सकता है जिसमें किसी भी द्विपक्षीय सीरीज का निलंबन रहना शामिल है। यानी कोई भी टीम पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल सकेगी।

इतना ही नहीं पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में विदेशी खिलाड़ियों के खेलने पर भी एक तरह से रोक लगेगी और इन खिलाड़ियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया जाएगा।

इसके अलावा पाकिस्तान टीम एशिया कप में भी हिस्सा नहीं ले सकेगी। ध्यान रहे कि पीसीबी का आर्थिक मॉडल आईसीसी के रेवेन्यू, पाकिस्तान सुपर लीग और प्रसारण पर ही निर्भर है।

## पाक को हराकर अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल में शान से पहुंचा भारत

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मुकाबले में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हर विभाग में पछाड़ते हुए 58 रनों से करारी शिकस्त दी और शानदार अंदाज में सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। भारतीय अंडर-19 टीम ने 252 रन बनाए थे और पाकिस्तान को ये लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचने और अपना नेट रन रेट बेहतर करने के लिए 33.3 ओवर में 253 रन का लक्ष्य हासिल करना था। लेकिन पाकिस्तान की टीम ऐसा नहीं कर सकी और 46.2 ओवर में 194 के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई।

## सोमवार, 02 फरवरी राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का लाभदायक रहेगा। विशेष रूप से आपको आर्थिक मामलो में भाग्य का साथ मिलता दिख रहा है। आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी। आपको किसी अप्रत्याशित स्रोत से आज लाभ मिलने का भी संयोग बना है।

वृषभ राशि के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। आपका मनोबल और आत्मविश्वास आज बढा रहेगा। आपको आज अपनी कार्ययोजना में सफलता मिलेगी, आर्थिक मामलो में भी आज का दिन वृषभ राशि के जातको के लिए अच्छा है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके ऊपर आज काम का अधिक दबाव होने से आप मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं। वैसे आज आपको अपने सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आज का दिन आपके लिए खचीर्ला भी रहेगा।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आज आपको कारोबार में लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे। आपने पूर्व में कुछ निवेश किया है तो इसका भी आपको आज फायदा हो सकता है।

आज का दिन सिंह राशि के जातको के लिए कामकाज के लिहाज से अच्छा है। नौकरी में आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। आप नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो इसमें भी आपको आज सफलता मिलेगी। कोई अधूरी चाहत आपकी आज पूरी हो सकती है।

आज का दिन कन्या राशि के लिए सुखद और अनुकूल रहेगा। आपकी कोई चली आ रही परेशानी आज दूर हो सकती है। आपको पिता और पैतृक पक्ष से फायदा हो सकता है। लेकिन आप आज विरोधियों और शत्रुओ से आपको सतर्क रहना होगा।

आज का दिन तुला राशि के लोगो के लिए मिलाजुला रह सकता है। आपको आज सेहत का ध्यान रखना होगा। थकान और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आज आपके ऊपर कुछ नई जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक और सुखद रहेगा। आपको आज परिवार से पूरा सहयोग सपोर्ट मिलेगा। जीवनसाथी से आपको प्रेम और सहयोग मिलेगा। संतान की ओर से भी आपको आज खुशी मिलेगी। नौकरी में आज का दिन आपका अनुकूल बीतेगा।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने काम के प्रति सजग रहना होगा। आपका कोई काम आज बनते-बनते अटक सकता है। लेकिन बैंकिंग से संबंधित कुछ काम है तो इसमे आपको आज सफलता मिलेगी।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुखद और रोमांटिक रहेगा। पारिवारिक जीवन में आज आपको प्रेंम, सुख और सहयोग प्राप्त होगा। संतान की ओर से भी आज का दिन आज अनुकूल और प्रसन्नता प्रदान करने वाला रहेगा।

आज का दिन कुंभ राशि के जातको के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने कार्यक्षेत्र में दूसरों के मामलो से दूर रहने की सलाह दी जाती है। किसी तकनीकी समस्या की वजह से आपको आज परेशानी होने की आशंका है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन उत्साहवर्धक और जोश से परिपूर्ण रहेगा। आप कठिन कार्य को भी आज पूरा कर पाने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको आज सहकर्मियो और सहयोगियो से पूरा सपोर्ट मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 11 चित्रकारों ने लाइव पेंटिंग बनाकर दिया गर्भ संस्कार का अनुपम संदेश



## शिशु के लिए माँ का गर्भ है प्रथम पाठशालाः डॉ. चित्रलेखा सिंह

एनएनआई

**आगरा।** मातृत्व है ईश्वर का महान वरदान। गर्भ संस्कार से पाइये दिव्य संतान... इस मनोभाव के साथ रविवार को प्रताप नगर स्थित गभार्धान संस्कार एवं मेटरनिटी होम परिसर में चित्रलेखा द विलेज आफ आर्ट सोसाइटी और श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रकल्प गभार्धान संस्कार होम के संयुक्त तत्वावधान में गर्भ संस्कार जैसे अनूठे विषय पर संभवतः विश्व की पहली पेंटिंग वर्कशॉप और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

ललित कला संस्थान आगरा की पूर्व निदेशक और वर्तमान में मेवाड़ विश्वविद्यालय राजस्थान की महानिदेशक प्रो. डॉ. चित्रलेखा सिंह के निर्देशन में आगरा और बाहर के डॉ. त्रिलोक शर्मा, डॉ. मंजू बघेल, डॉ. मधु गौतम, डॉ. त्रिगुणातीत जैमिनी, कमलेश्वर शर्मा, नरेश कुमार, सौम्य देव मंडल, राहुल, विपिन उपाध्याय और सुदेश सहित 11 वरिष्ठ और उदीयमान चित्रकारों ने लाइव पेंटिंग बनाकर गर्भ संस्कार और मातृत्व चेतना का अनुपम संदेश दिया। गर्भ संस्कार विषय पर ही आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के लिए ललित कला संस्थान, आगरा कॉलेज, संतराम कृष्णा कन्या महाविद्यालय, सेंट जॉन्स कॉलेज, बैकुंठी देवी और बीडी जैन गर्ल्स डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न महाविद्यालयों से प्राप्त 100 से अधिक चित्र प्रविष्टियों की प्रदर्शनी भी सबके आकर्षण का केंद्र रही। यह प्रदर्शनी 2 और 3 फरवरी को भी प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।

समारोह के दौरान इस अनूठे आयोजन से संबंधित एक रंगीन ब्रोशर को जारी करते हुए डॉ. चित्रलेखा सिंह ने कहा कि जैसा बीज होता है, वैसा ही वृक्ष बनता है। माँ का गर्भ, गर्भस्थ शिशु के लिए प्रथम पाठशाला है।

मुख्य अतिथि, प्रमुख समाजसेवी वीडी अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा अग्रवाल (पुष्पांजलि ग्रुप) ने गर्भ संस्कार पर केंद्रित इस अनूठी पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक सचिन गोयल, राजीव जैन और नूतन ज्योति ने सभी व्यवस्थाएँ संभालीं। श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एड. अशोक अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, सुनील विकल, डॉ. सुनीता गर्ग, डॉ. सरोज भार्गव, वसंत गुप्ता एड., डॉ. कृशांश चौहान, डॉ. सुधा बंसल, शीला बहल, राजकुमार जैन, निधि विनय अग्रवाल, गिरीश कुमार अग्रवाल, नंद नंदन गर्ग, राजकुमार गर्ग, गुंजन अग्रवाल, सुमन सुराना, डॉ. पीयूष जैन, आशीष गर्ग, कुलदीप गहेटे और पूजा जैसवाल भी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# बल्केश्वर पार्वती घाट पर हुई यमुना आरती

एनएनआई



**आगरा।** विश्व शांति हिंदू महासम्मेलन समिति द्वारा आज बल्केश्वर पार्वती घाट पर माँ यमुना मैया की महा आरती का आयोजन किया गया, यमुना मैया की विधि विधान द्वारा दुग्ध अभिषेक, पुष्प वर्षा, शंख ध्वनि से पूजा अर्चना कर आरती का शुभारंभ किया गया 101 दीपकों से यमुना मैया की हुई महा आरती की गई।क्षेत्रीय पार्षद मुरारी लाल गोयल व पार्षद श्रीमती पूजा बंसल ने बताया की 8 फरवरी 2026 को होने वाले महा विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आज द्वितीय कार्यक्रम यमुना मैया की महा आरती महंत विष्णु दास जी ने सभी के साथ अरदास प्रार्थना की सब यही कामना कर रहे हैं कि मां यमुना मैया कृपा करना और महा विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाना, सभी भक्तों को क्षेत्र वासियों को प्रसाद वितरण भी किया गया,सभी गणमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

महा आरती में सुमन अग्रवाल, गिर्राज बंसल, रमन अग्रवाल, रवि अग्रवाल, ब्रह्मा गुप्ता कुमकुम उपाध्याय, अनुपम शर्मा, मनीषा भारतीय, पूजा जैन, देवेंद्र चौहान, विश्वनाथ भारद्वाज, मयंक खंडेलवाल, राजा चौधरी, संतोष गुप्ता, विनय अग्रवाल, सुनील जी, साधना राठौर, राम गुप्ता, कुसुम लता आदि मौजूद रहे।

# रुक्मणी जैन के निधन के बाद नेत्रदान से दो जिंदगियां होंगी रोशन

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस जमुना कोलोनी निवासनी रुक्मणी जैन (61) का कल शनिवार को निधन हो जाने पर उनकी कॉर्निया एस एन को दान की गई। उनके निधन पर उनके पति अजीत जैन ने श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी से नेत्रदान के लिए सम्पर्क किया । सूचना पर एस.एन.की नेत्र आई बैक इंचार्ज डा.शेफाली मजूमदार के निर्देशन में डाक्टरों की टीम व ग्रीफ



काउंसिलर दीपक शर्मा के सहयोग से नेत्रदान प्रक्रिया पूरी हुई। कमेटी के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,महामंत्री राजीव अग्रवाल नेत्रदान प्रभारी विशनू जैन व मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल ने औरों से भी नेत्रदान अभियान से जुड़ने की अपील की है नेत्रदान बहुत पुण्य कार्य है इससे दो अंधकारमय जिंदगी जी रहे दो लोगों के जीवन में उजाला होता है। श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी नेत्रदान व देहदान प्रकिया पूरी कराने में सदैव सक्रिय भूमिका निभा रही है।कल शनिवार को कमेटी ने पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुन्दरलाल जी के नेत्रदान व देहदान में भी सहभागिता निभाई थी।

